भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

सम्पदा कार्यालय (कक्ष सं 101, संकाय भवन) फोन नं 0512-259-7166

नीलामी सूचना संख्या - 03/2018-19

दिनांक: 12.12.2018

निदेशक, भा. प्रौ.सं. कानपुर की ओर से संस्थान के टाइप-V के निकट स्थित आवले के बाग मे **आवला फलों** की नीलामी हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक व्यक्ति पूर्ण रूप से भरी गई निविदा संस्थान के सम्पदा कार्यालय मे दिनांक 20.12.2018 को अपराह्न 3.00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरान्त प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 20.12.2018 को अपराह्न 3.30 बजे सम्पदा कार्यालय मे खोली जाएंगी।

निविदा प्रपत्र संस्थान की वैबसाइट http://www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से डाउनलोड किया जा सकता है।

सहायक कुलसचिव एवं
प्रभारी अधिकारी (सम्पदा कार्यालय)

प्रतिलिपि:

1- उपनिदेशक
2- अध्यक्ष, सीईएमएमसी
3- अधीक्षण अभियंता, संस्थान निर्माण विभाग
4- प्रभारी, उद्यान इकाई, - व्यापक प्रचार हेतु
5- सूचना पट्ट
6- वैबसाइट

पात्रता सम्बन्धी शर्ते :–

1. निविदाकार पिछले तीन वर्षों से **इस प्रकार के फलों की खरीद व विक्री का** कार्य कर रहा हो।
2. निविदादाता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।

निविदा सम्बन्धित अनिवार्य संलग्नक:

1. आधार कार्ड की छायाप्रति
2. पिछले एक साल का बैंक विवरण
3. आयकर पंजीकरण प्रमाणपत्र/पैन नम्बर की छायाप्रति

नीलामी की नियम व शर्ते

1. **उक्त** नीलामी केवल वित्तीय वर्ष 2018–19 की **आवला फलों** के लिए है।
2. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक निविदादाता, निविदा प्रपत्र के साथ रू.5,000/- का बैंक **ड्राफ्ट** 'रजिस्ट्रार, आई.आई.टी. कानपुर' के नाम बयाने के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। जो भी निविदादाता रू.5,000/- का बैंक **ड्राफ्ट** बयाने की राशि के रूप में संलग्न नहीं करेगा उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. इच्छुक निविदादाता संस्थान के सम्पदा कार्यालय में संपर्क कर दिनांक 18.12.2018 और 19.12.2018 को पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराहन 5.00 बजे के मध्य उक्त आवला बाग का निरीक्षण कर सकते हैं।
4. **इच्छुक निविदादाता पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा को सम्पदा कार्यालय मे दिनांक 20.12.2018 को अपराहन 3.00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरान्त प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 20.12.2018 को अपराहन 3.30 बजे सम्पदा कार्यालय (कमरा नं.101बी) में खोली जाएंगी।**
5. नीलामी सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को दी जाएगी।
6. सफल निविदादाता को नीलामी की धनराशि संस्थान मे ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान (digital payment) के माध्यम से नीलामी के दो दिनों के अंदर जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति में, बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
7. **सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को नीलामी में प्राप्त आवला फलों को , नीलामी** की धनराशि संस्थान में जमा करने के उपरान्त, **तोड़ने व** ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
8. नीलामी के पश्चात फलों की रखवाली की जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।
9. नीलामी के दौरान या पश्चात किसी दैवीय आपत्ति के कारण फलो को कोई नुकसान पहुंचता है तो इसकी जिम्मेदारी संस्थान की नहीं होगी।
10. यदि निविदादाता द्वारा आवला के वृक्षों को किसी प्रकार की हानि होती है तो उसकी निविदा को तत्काल रद्द कर उसके विरूद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।

____

निविदादाता के हस्ताक्षर

11. आवला तोड़ने के पश्चात एक दिन के लिए संस्थान में मार्केट रेट से 25 प्रतिशत छूट पर आवला बेचना अनिवार्य होगा।

12. **जीएसटी @ 18% या मौजूदा सरकारी दरों के अनुसार निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा। कोई अन्य कर जो लागू हो का भुगतान भी निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा।**

13. निविदादाताओं द्वारा जमा किए गए बयाने की राशि का ड्राफ्ट नीलामी संबंधित प्रक्रिया पूर्ण होने के **उपरांत** वापस किया जाएगा।

14. संस्थान के पास पूर्ण अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी अथवा सभी निविदा व बोली को बिना कारण बताए स्वीकार करें अथवा न करें।

ह.

सहायक कुलसचिव एवं
प्रभारी अधिकारी, सम्पदा कार्यालय

मैने उपरोक्त **नीलामी की** सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली हैं तथा यह सभी मुझे पूर्णतया मान्य है **इस नीलामी** के सम्बन्ध में संस्थान निदेशक का निर्णय सभी निविदादाताओं को समान रूप से मान्य होगा।

निविदा देने की तारीख : ....

निविदादाता
का छायाचित्र

निविदादाता के हस्ताक्षर

निविदादाता का पूरा नाम व पता
(पिन कोड एवं फोन/मोबाइल नं0 सहित)

....
....
....

निविदादाता के हस्ताक्षर

सेवा में,
सहायक कुलसचिव व
प्रभारी अधिकारी, सम्पदा कार्यालय
भा.प्रौ.सं. कानपुर

विषय – संस्थान के टाइप-V के निकट स्थित आवला बाग मे आवला फलों की नीलामी हेतु निविदा।

महोदय,

मै नीलामी सूचना संख्या 03/2018-19 दिनॉकः 12.12.2018 के सम्बन्ध में अपनी निविदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत करता हूँ।

निविदादाता का नाम ....

पिता का नाम ....

आयु ....

पूरा पता ....

....

क्या आपने रु.5,000/- का बैंक ड्राफ्ट बयाने की राशि के रूप मे इस निविदा के साथ संलग्न किया है? हाँ / नहीं

यदि हॉ तो ड्राफ्ट सं. .... दिनॉक ....एवं बैंक का नाम..

उक्त नीलामी की राशि जो आप उपरोक्त आवला फलों की खरीद हेतु देना चाहते हैं।

(अंको मे) ....

(शब्दों में) ....

मुझे संस्थान द्वारा रखी गई सभी शर्ते जिसमें निविदाओं का अस्वीकृत होना भी सम्मिलित है मान्य है।

दिनांक: ....

निविदादाता के हस्ताक्षर: ....

निविदादाता का नाम: ....

टेलीफ़ोन/मोबाइल नं.: ....

____

निविदादाता के हस्ताक्षर